हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 30 जून 2026


तापमान

अधिकतम 43 .5 डिग्री
न्यूनतम 28 .2 डिग्री


12 शिक्षा विभाग का फरमान, असुरक्षित भवनों में नहीं बैठेंगे नौनिहाल





12 साज ओ सामान भी ये दिल नहीं बहलाएंगे, दोस्त अहबाब भी तो साथ नहीं जाएंगे....




## खबर संक्षेप

### स्कूल के ताले तोड़कर चुराया हजारों का सामान

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव मिल्कड़ा स्थित राय सिंह स्टार कान्वेंट स्कूल के ताले तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव महमूदपुर निवासी संजीव कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि चोरों ने गांव मिल्कड़ा स्थित राय सिंह स्टार कान्वेंट स्कूल का ताला तोड़कर ऑफिस से इनवर्टर, बैट्री, प्रिंटर, छत का पंखा, तारें, समर्सिबल की तार, 10 पंखों के कंडेनसर तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये हैं।

### कार के आगे बाइक अड़ा युवक के साथ की मारपीट

**यमुनानगर।** शहर के सुंदर नगर में शराब ठेके के पास दो युवकों ने कार के आगे बाइक अड़ा कर चालक के साथ मारपीट की। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार करतारपुर कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 जून को दोपहर साढ़े छह बजे वह अपनी कार में जा रहा था। जब वह सुंदर नगर कॉलोनी में शराब ठेके के पास पहुंचा तो वहां पर आरोपी विक्की व रमन ने उसकी कार के आगे अपनी बाइक अड़ा दी।

### एनआईटी में नियुक्तियों के विरोध में धरना

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में दो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कंसल्टेंट के रूप में नियुक्त किए जाने के विरोध में सोमवार से गैर-शिक्षक कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया। कर्मचारी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में कर्मचारी सुबह निदेशक कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और दो घंटे तक धरना देकर नियुक्तियां रद्द करने की मांग उठाई। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्थान प्रशासन को इस मामले में पहले ही निदेशक, रजिस्ट्रार और शिक्षा मंत्रालय को लिखित शिकायत भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**तरावड़ी।** सोमवार दोपहर नीलोखेड़ी के राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वाहन चालक ने शराब के नशे में धुत होकर साइकिल पर जा रहे एक मजदूर को कुचल दिया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिजवा दिया।

### प्राइवेट अस्पताल से लापता महिला की धारदार हथियार से की हत्या

# नारियल पानी लेने निकली महिला का शव कार में मिला, हत्या की जांच जारी

**हत्या का केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच, पहले दर्ज किया था गुमशुदगी का केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला शहर के सेक्टर-8 की रहने वाली मनिंद्र कौर की हत्या हो गई। उनका शव सुबह आठ बजे गोबिंदगढ़ गांव के एक मकान में खड़ी स्विफ्ट कार में मिला है। महिला की गर्दन, छाती व दोनों हाथों पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं। जिस मकान व गाड़ी में शव मिला है उसका मालिक लापता है। सेक्टर 9 के थाना प्रभारी धर्मबीर ने बताया कि इस मामले में हत्या की धारा 103 जोड़कर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मानें तो महिला की हत्या कुछ घंटे पहले की गई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस इस मामले को प्रेम प्रसंग के एंगल से भी जोड़कर देख रही है लेकिन अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 27 जून को मनिंद्र कौर के लापता होने पर मॉडल टाउन चौकी में मृतका के भाई सुखबीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। सुखबीर ने बताया था कि उनकी माता सरजिंद्र कौर बीमार है। 23 जून को अंबाला शहर के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। बहन मनिंद्र कौर अस्पताल में मां की देखभाल के लिए रुकी थी। 27 जून की दोपहर करीब 12:10 बजे मनिंद्र कौर नीचे नारियल पानी लेने के लिए गई लेकिन वापस नहीं आई। इसके बाद परिजन सकते में आ गए। बेटी के वापिस न आने पर पुलिस को सूचना दी गई थी जिसके बाद केस दर्ज किया गया।

#### मालकिन ने देखी लाश

नग्गल थाना प्रभारी कर्मबीर ने बताया कि गोविंदगढ़ में जिस मकान में खड़ी कार से लाश मिली है वहां एक महिला व उनका बेटा मनिंद्र सिंह रहता है। मनिंद्र की मां सुबह के समय घर पर काम कर रही थी तो उसकी नजर गाड़ी पर पड़ी। तभी अपने रिश्तेदारों को बुलाकर पुलिस को सूचित करवाया था। सूचना मिलते ही बलदेव नगर व नग्गल थाने की पुलिस सहित फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची तो घर के अंदर काले रंग की स्विफ्ट कार खड़ी थी। जब कार खोलकर देखा तो खून से लथपथ महिला का शव पिछली सीट पर पड़ा था। पुलिस को पास से कुछ दस्तावेज सहित एक फोल्डिंग वाला चाकू और दो जोड़ी लेडिज सैंडल भी मिले हैं। पुलिस ने सभी सबूत जुटाकर मनिंद्र की तलाश शुरू कर दी है ताकि पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके। मृतका के भाई सुखबीर ने बताया कि बहन मनिंद्र कौर की शादी पंजाब के लालडू के बटौली गांव में जसलप्रीत सिंह के साथ हुई थी। 2009 में हुई शादी के बाद 13 साल की बेटी भी है। बहन मनिंद्र कौर अपने पति के साथ अंबाला शहर के सेक्टर-8 में ही किराए पर रह रही थी। सभी मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। हत्यारों के पकड़े जाने के बाद ही मामले का खुलासा होगा। पुलिस की मानें तो जांच के दौरान उनके हाथ कुछ पुख्ता सबूत मिले हैं। इन सबूतों के आधार पर ही जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।



कत्ल की गई महिला की तस्वीर



**अंबाला।** कार से मिले सैंडल।

#### युवक भी हुआ लापता

गोबिंदगढ़ गांव में जिस घर में खड़ी काले रंग की कार से महिला की लाश मिली है उसमें रहने वाला युवक भी लापता बताया जा रहा है। पुलिस की मानें तो लापता युवक मनिंद्र से महिला की हत्या को लेकर पुख्त सबूत मि सकते हैं। इस सिलसिले में अभी तक पुलिस ने युवक की मां से भी पूछताछ की है। पर पूछताछ में हत्या से जुड़ा कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस हत्यारों तक पहुंचने के लिए लापता युवक को तलाश रही है। उसके मोबाइल की लॉकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 30 जून तक ही मिलेगा प्रॉपर्टी टैक्स पर ब्याज माफी का लाभ

**महापौर ने की समय रहते भुगतान की अपील**

- 14.70 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स हुआ जमा, अंतिम तिथि के बाद लगेगा 1.5 प्रतिशत मासिक ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा सरकार की ओर से प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को दी गई 100 प्रतिशत ब्याज माफी योजना का लाभ लेने का अब अंतिम अवसर शेष है। नगर निगम की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 30 जून तक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर इस विशेष राहत योजना का पूरा लाभ उठाएं।

महापौर ने बताया कि योजना को लेकर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिला है। नगर निगम को अब तक करीब 14 करोड़ 70 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त हो चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में नागरिक टैक्स जमा कर योजना का लाभ उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि नगर निगम को मिलने वाला टैक्स शहर के विकास की आधारशिला है। इसी राशि से सड़कों का निर्माण, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पार्कों का रखरखाव, जल निकासी और अन्य नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का समय पर टैक्स जमा करना शहर के विकास में सीधा योगदान है।

महापौर ने स्पष्ट किया कि 30 जून के बाद बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर नियमानुसार 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज लगाया जाएगा। इसलिए अंतिम तिथि का इंतजार करने के बजाय समय रहते भुगतान करना ही बेहतर रहेगा।

नगर निगम के कर अधीक्षक गगनदीप सिंह और क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स ड्यूज पोर्टल पर सेल्फ-सर्टिफिकेशन करना अनिवार्य है। बिना स्व-प्रमाणन के ब्याज माफी का लाभ नहीं मिल सकेगा। नागरिकों की सुविधा के लिए निगम कार्यालय के साथ-साथ वार्ड स्तर पर भी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

#### बड़े बकायेदारों पर होगी कार्रवाई

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि योजना समाप्त होने के बाद बड़े बकायेदारों के खिलाफ संपत्तियां सील करने सहित नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। इसलिए सभी लोग समय रहते अपना टैक्स जमा कर भविष्य की परेशानी से बचें।

### गुर्जर समाज के खिलाफ एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर कर दी आपत्तिजनक पोस्ट

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**यमुनानगर।** जिले के प्रताप नगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर गुर्जर समाज के लोगों के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव भूड़कलां निवासी सुशील कुमार ने थाना प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि भरत नामक युवक ने अपने फेसबुक आईडी द्वारा फेसबुक पर गुर्जर समाज के लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर समाज को बदनाम करने का काम किया है। भरत द्वारा की गई पोस्ट से गुर्जर समाज के लोगों में गहरा आक्रोश में मानसिक पीड़ा एवं असंतोष व्याप्त है। जिससे क्षेत्र में शांति एवं आपसी सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कुरुक्षेत्र में नियमितीकरण की मांग को लेकर सड़क पर उतरे अतिथि अध्यापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

नियमितीकरण की मांग को लेकर पिछले एक सप्ताह से जिला सचिवालय में धरना दे रहे अतिथि अध्यापकों ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास की ओर रोष मार्च निकाला। करीब 39 डिग्री तापमान और उमस के बीच प्रदर्शनकारी डेढ़ किलोमीटर पैदल चले, लेकिन पुलिस ने जिंदल चौक पर बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इसके बाद अध्यापक वहीं धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद सरकार नियमितीकरण लागू नहीं कर रही। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर मुख्यमंत्री के ओएसडी से वार्ता का भरोसा दिया, लेकिन अध्यापक अपनी मांगों पर अड़े रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 2014 की नियमितीकरण नीति को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया है तथा हाईकोर्ट भी अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के आदेश दे चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।




**कुरुक्षेत्र।** रोष मार्च निकाल मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर जाते अतिथि अध्यापक।

### कहासुनी होने पर महिला पर हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव बरौली माजरा निवासी मीना देवी ने गांव के ही तीन सगे भाइयों पर उस पर लाठी, डंडों, रॉड व तेजधार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया है। आरोपियों पर जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बरौली माजरा निवासी मीना देवी ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही इंतजार, जुल्फान व जुल्फिकार के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से तीनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। मीना देवी ने बताया कि 25 जून को दोपहर डेढ़ बजे आरोपियों ने उस पर रंजिश के चलते लाठी, डंडों, रॉड व तेजधार हथियारों से हमला कर दिया।

## नहर में डूबे 11वीं क्लास के छात्र रोहित का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिले में नहर में डूबे 11वीं क्लास के छात्र रोहित का दूसरे दिन सोमवार को भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। सुबह गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। रविवार शाम तक एसडीआरएफ की टीम ने मिजार्पुर पुल से करीब 2 किलोमीटर आगे तक नहर में तलाश की। अंधेरा होने के बाद ऑपरेशन रोक दिया गया। दूसरी ओर, रोहित का परिवार, उसका मामा और अन्य रिश्तेदार पूरी शाम नहर के हेड पर डटे रहे। रात तक परिवार के लोग नहर के हेड पर पहरा लगाकर बैठे रहे। सोमवार को रोहित की तलाश के लिए गोताखोर टीम की मदद ली गई। टीम ने नहर के अंदर और बहाव वाले हिस्सों में टीम ने तलाश की। उसका कोई सुराग मिलने तक ऑपरेशन जारी रहेगा। राजवीर ने बताया कि वह अपने भांजे रोहित को नए कपड़े दिलाने कुरुक्षेत्र लेकर गया था। वापसी के दौरान मिजार्पुर पुल के पास कुछ बच्चों को नहर में नहाते देख रोहित भी रुक गया। उसने मामा से कहा कि /"मुझे तैरना आता है। आज बहुत गर्मी है, नहा लेते हैं, फिर घर चलेंगे। राजवीर ने पहले उसे मना किया, लेकिन रोहित की जिद के आगे मान गया। जैसे ही रोहित नहर में उतरा, वह कुछ ही देर में गहरे पानी में पहुंच गया। तेज बहाव ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मामा ने उसे बचाने की कोशिश की, शोर भी मचाया, लेकिन देखते ही देखते रोहित पानी में बह गया।

#### पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था रोहित



रोहित यूपी के बदायूं जिले के मानपुर बसोली गांव का रहने वाला था। वह पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। मामा राजवीर के मुताबिक, हाल ही में उसका रिश्ता तय हुआ था और करीब तीन महीने बाद सितंबर में उसकी शादी होनी थी। घर में शादी की तैयारियों की चर्चा चल रही थी, लेकिन इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। रोहित का मामा राजवीर करीब चार महीने पहले परिवार के साथ खानपुर गांव में आया था। वह यहां राजमिस्त्री का काम करता है। रोहित गर्मी की छुट्टियां बिताने उसके पास आया हुआ था। छुट्टियां खत्म होने वाली थीं और उसे वापस बदायूं जाना था। रोहित मामा के पास रहकर राजमिस्त्री का काम भी सीख रहा था।



**बराड़ा।** घटनास्थल वाले घर के बाहर खड़े मृतक के परिजन।

## युवक की हत्या के मामले की जांच अब सीआईए नारायणगढ़ के हवाले

**बराड़ा।** बीते दिवस एक युवक की हत्या को लेकर अब जांच सीआईए नारायणगढ़ को सौंप दी है। सीआईए और पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। बराड़ा थाना प्रभारी का कहना है कि बहुत जल्द अपराधियों को खोज निकालना है। बता दें कि बराड़ा गांव की वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले राहुल उर्फ लौटा की बीते दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए जिसके बाद मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई। बराड़ा पुलिस ने इसके बाद जबरदस्त कार्रवाई करते हुये आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। करीब 3 आरोपी युवक फरार बताए गए है।।जिनकी तलाश में पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। सामुदायिक तनाव की आशंका और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीआईए नारायणगढ़ को सौंप दी है। पुलिस द्वारा सीआईए की टीमों के साथ मिलकर अनेक जगह दबिश दी । पुलिस के अनुसार जल्द ही अपराधी पकड़ में होंगे। बराड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच उनके साथ साथ अब सीआईए नारायणगढ़ भी कर रही है।

### जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने डबल ओटीपी प्रणाली व अभेद्य ऐप की दी जानकारी

# डबल ओटीपी प्रणाली व अभेद्य ऐप से डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगी पर लगेगी रोक : गोयल

**साइबर ठग अक्सर फर्जी पुलिस या सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को डराकर ठगी करते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अभेद्य ऐप एवं डबल ओटीपी प्रणाली डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं में जहां अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है। वहीं, साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगी पर अंकुश लगाने का काम करती है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने दी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा आमजन, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर, फर्जी पुलिस एवं सरकारी अधिकारी बनकर तथा मानसिक दबाव बनाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे मामलों में ठग पीड़ति से स्वयं ही ओटीपी साझा करवा लेते हैं। जिसके कारण बैंक खातों से धोखाधड़ी हो जाती है। इन साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा अभेद्य ऐप एवं डबल ओटीपी प्रणाली लागू की गई है। जो वरिष्ठ नागरिकों सहित आमजन के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित हो रही है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि अभेद्य ऐप एवं डबल ओटीपी प्रणाली डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं में अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है। यदि कोई साइबर ठग किसी वरिष्ठ नागरिक को धमकाकर या मानसिक दबाव बनाकर लेन देन करवाने का प्रयास करता है तो दूसरा ओटीपी अथवा पुष्टि संदेश उसके द्वारा नामित विश्वसनीय परिजन या मित्र के पास भी जाता है। इससे परिवार के सदस्य तुरंत सतर्क हो जाते हैं और समय रहते साइबर ठगी को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली सुरक्षा, विश्वास और जागरूकता का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है।



**यमुनानगर।** में अपने कार्यालय में अभेद्य ऐप व डबल ओटीपी प्रणाली की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

#### पुलिस किसी व्यक्ति को डिजिटल नहीं करती है अरेस्ट

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को आहवान किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी या पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति को फोन पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। यदि किसी विदेशी नंबर या अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी, ब्लैकमेल या एक्सटॉर्शन संबंधी कॉल आए तो घबराएं नहीं। बल्कि तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों से अभेद्य ऐप का उपयोग करने तथा डबल ओटीपी सुविधा के लिए अपने किसी विश्वसनीय परिजन या मित्र को नामित करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि डबल ओटीपी प्रणाली के तहत पहला ओटीपी वरिष्ठ नागरिक के मोबाइल नंबर पर प्राप्त होता है। जबकि दूसरा ओटीपी अथवा पुष्टि कॉल उसके द्वारा नामित विश्वसनीय व्यक्ति के पास जाती है। दोनों स्तर पर सत्यापन होने के बाद ही लेन देन पूरा होता है। इस व्यवस्था से साइबर ठगों द्वारा दबाव बनाकर की जाने वाली धोखाधड़ी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## सोमवार को छुट्टी के बावजूद खुले रहे नगर निगम के तीनों कार्यालय, उमड़ी भारी भीड़

# देर न करें, प्रापर्टी टैक्स पर 100% ब्याज माफी योजना का आज आखिरी दिन

### मेयर सुमन बहमनी ने प्रापर्टी धारकों से योजना का लाभ उठाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रॉपर्टी टैक्स पर शत प्रतिशत ब्याज माफी योजना का लाभ उठाने के लिए शहरवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। योजना का लाभ उठाने के लिए 30 जून अंतिम तिथि है। अंतिम तिथि नजदीक आते ही नगर निगम कार्यालयों में टैक्स जमा कराने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

सोमवार को संत कबीर दास जयंती के अवसर पर छुट्टी होने के बावजूद शहर के तीनों निगम कार्यालय खुले रहे और यहां भारी भीड़ देखने को मिली। हजारों प्रॉपटी मालिकों ने ब्याज माफी योजना का लाभ उठाया और बिना ब्याज दिए अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया।

मेयर सुमन बहमनी ने कुछ दिन पहले ही आम नागरिकों के लिए ब्याज माफी योजना का लाभ दिलाने को लेकर गत शनिवार से सोमवार तक छुट्टी के बावजूद तीनों निगम कार्यालय खुले रखने के आदेश जारी किए थे। जिसके चलते सोमवार को भी आम दिनों की तरह नगर निगम कार्यालय और नागरिक सुविधा केंद्र खुले रहे। कार्यालयों में प्रॉपर्टी आईडी आपत्तियां दूर करने और टैक्स जमा करने का कार्य किया गया।

सोमवार को भी सुबह से ही नगर निगम के नागरिक सुविधा केंद्रों पर टोकन लेने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स धारकों की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थीं। नागरिकों ने अनुशासित तरीके से अपनी बारी का इंतजार किया और टैक्स का भुगतान किया। टैक्स जमा करने के साथ साथ एनडीसी (नो ड्यूज सर्टिफिकेट) से संबंधित कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किए गए। जिन प्रॉपर्टी धारकों की प्रॉपर्टी आईडी में कोई त्रुटि या कमियां थीं। उन्हें दूर करने का कार्य भी आम दिनों की तरह सुचारू रूप से चलता रहा।



यमुनानगर। नगर निगम के नागरिक सुविधा केंद्र में टैक्स जमा कराते प्रॉपर्टी धारक। फोटो : हरिभूमि

### 30 के बाद ब्याज माफी में नहीं मिलेगी राहत

मेयर सुमन बहमनी ने सभी शहरवासियों और प्रॉपर्टी टैक्स धारकों से निर्धारित की गई 30 जून की समय सीमा से पहले अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स बिना किसी ब्याज के अनिवार्य रूप से जमा करवाए जाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी संपत्ति धारक की प्रॉपर्टी आईडी में कोई लिपिकीय या तकनीकी त्रुटि है तो वे तुरंत निगम कार्यालय आकर उसका निवारण कराएं और अपना टैक्स भरें। उन्होंने कहा कि 30 जून की समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी और नियमानुसार पूरे ब्याज समेत टैक्स की वसूली की जाएगी।

## दहेज प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने की खुदकुशी

- मृतका के मायके वालों ने पति पर लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप
- पुलिस ने मृतका के पति के खिलाफ किया दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जगाधरी की विजयनगर कॉलोनी में 22 वर्षीय अंजली ने दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। मृतका की मां ने उसके पति राम विनय शाह पर उसे दहेज के लिए प्रताड़ति कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी की बस्ती शेख निवासी रेखा देवी ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी 22 वर्षीय अंजली की शादी विजयनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी राम विनय शाह के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसका पति उनकी लड़की को दहेज के लिए परेशान करता था। उन्होंने कई बार आरोपी की मांग को पूरा किया, मगर कुछ दिन बाद आरोपी फिर से उनकी लड़की को दहेज के लिए परेशान करने लग। वह बार-बार मायके से दहेज लाने के लिए कहने लगा था।

27 जून को उसे सूचना मिली थी कि उसकी बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया है सूचना मिलते ही जब है मौके पर पहुंची तो इलाज के दौरान उसकी बेटी की अस्पताल में मौत हो गई। उसने आरोप लगाया कि राम विनय शाह ने उसकी लड़की की दहेज के लिए हत्या की है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सरकार के समक्ष प्राथमिकता से उठाएंगे सफाई कर्मचारियों की मांगें : पलाका

### सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

हरियाणा वाल्मीकि महासभा द्वारा रादौर के पैलेस में सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका का अभिनंदन किया।

इस दौरान महासभा व समाज के लोगों ने नवनियुक्त चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका को पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर और भगवान वाल्मीक का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। मौके पर नवनियुक्त चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका ने भगवान वाल्मीकि जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका ने अपनी नियुक्ति के लिए वाल्मीकि समाज की ओर से सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह चेयरमैन होने के नाते सफाई कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार के समक्ष उठाने का काम करेंगे। वहीं, उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाएंगें। भाजपा सरकार जनहित में कार्य कर रही है। वह समाज के हर वर्ग के विकास कर रही है।

हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह सरकार से सफाई कर्मचारियों को अधिक से अधिक सुविधाएं दिलवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज के लोगों को बच्चों को शिक्षित करने के लिए आहवान किया।



रादौर। हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरैन एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका का पगड़ी व स्मृति चिहन देकर अभिनंदन करते महासभा के सदस्य।

### नशे से दूर रहें युवा

चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका ने युवाओं को नशा आदि बुराईयों से दूर रहकर समाज और देश हित में काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश के भविष्य की रीढ़ है। युवाओं को शिक्षा के साथ साथ खेलों समेत अन्य गतिविधियों में भाग लेकर देश का नाम रोशन करना चाहिए। मौके पर महासभा के जिला प्रधान ओमपाल बापौली ने अभिनंदन में पहुंचे सभी समाज के लोगों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महासभा के प्रांतीय नेता सत्यवान व विक्रम वाल्मीकि रादौर आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का मूल आधार होते हैं अध्यापक : डॉ. देवेंद्र

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी के 100 शिक्षकों ने की कार्यशाला में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में सोमवार को शिक्षकों के लिए विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्रोत्साहित करना विषय पर विद्यालय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर व डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी के 100 शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, उन्हें तनावमुक्त, आत्मविश्वासी एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के प्रभावी उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुरूप दीप प्रज्वलन एवं ईश्वर गुणगान के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रमन कुमार शर्मा व जगाधरी पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अनूप चोपड़ा ने संयुक्त रूप से की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक डॉ.देवेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत एवं व्यक्तित्व निर्माण का आधार भी होता है।

शिक्षक विद्यार्थियों की भावनाओं को समझकर उनका सहयोग करें तो वे जीवन की अनेक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यार्थियों में तनाव, चिंता, भय, परीक्षा के दबाव तथा व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों की पहचान करने के साथ-साथ उनके समाधान के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। इसके अतिरिक्त सकारात्मक संवाद, आत्मीय व्यवहार, प्रेरणादायक शिक्षण तथा विद्यालय में सहयोगपूर्ण एवं आनंददायक वातावरण विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।

कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों ने पूरे उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। समूह चर्चा, विचार-विमर्श तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने अपने अनुभव सांझा किए।



रादौर। डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते प्रशिक्षक।



### मां जगदंबा की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

रादौर। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पंजाबी धर्मशाला रादौर में मां जगदंबा की महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालु प्रविता कुंजल व श्रूति चमरौडी ने मां जगदंबा व गुरुवर के जयकारे लगवाए। कार्यक्रम में श्रद्धालु तेजपाल ने मंच का संचालन किया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने ज्योत प्रज्जवलित करके महाआरती का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि एवं राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने कहा कि हम जब तक आत्मा के स्वभाव को जानेंगे नहीं, समझेंगे नहीं तब तक हम सत्य को नहीं पकड़ पाएंगे। जब तक हम आत्मा के रूप, रंग, स्वभाव के बारे में नहीं जानेंगे तब तक हम आत्मा का जीवन नहीं जी पाएंगे। आत्मा का मूल स्वभाव प्रेम का लगाव होता है। आत्मा प्रकृतिसत्ता का अंश है। इसलिए हमें अपने गुरु से, प्रकृति सत्ता से, अपने मार्गदर्शन से प्रेम करना चाहिए। वहीं, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष दीवानचंद ने कहा कि आज जिस तरह से पूरे देश में अशांत माहौल है और नशे का पूरा व्यापार चल रहा है। युवा पीढ़ी नशे से ग्रसित है। अधिकांश बड़े बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। यदि ये सोच रहे हैं कि हम भ्रष्टाचार के पैसे से अपने और अपने परिवार का पालन पोषण करेंगे। तो वो ये नहीं समझ पा रहे हैं जो वो आज जीवन जी रहे हैं। वह 90 प्रतिशत पिछले जन्म का मिल रहा है। जब उनका और उनके परिवार का बचा हुआ 10 प्रतिशत जीवन उनके सामने आएगा।

### हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने पॉलिसी में संशोधन के लिए सीएम का जताया आभार

## मेडल विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा स्पोर्ट्स ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट

### एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य रोहित पुंडीर बोले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों, विशेष रूप से ग्रुप डी पदों पर खेल कोटे का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार द्वारा स्पोर्ट्स ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट पॉलिसी में किए गए संशोधन का स्वागत किया है। इस निर्णय के बाद अब एसोसिएशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले हरियाणा स्टेट गेम्स के मेडल विजेताओं और प्रमाण पत्र प्राप्त खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए जा सकेंग। उक्त जानकारी एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट रोहित पुंडीर ने दी है।

एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एवं एडवोकेट रोहित पुंडीर ने बताया कि सरकार द्वारा किए गए संशोधन के तहत हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित हरियाणा स्टेट गेम्स के मेडल विजेताओं और प्रमाण पत्र प्राप्त खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इससे हजारों खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों, विशेष रूप से ग्रुप डी पदों में खेल कोटे का लाभ मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का यह निर्णय प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एडवोकेट पुंडीर ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा लंबे समय से स्टेट गेम्स को भी स्पोर्ट्स ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट नीति में शामिल किए जाने की मांग की जा रही थी। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खेल एवं युवा मामलों के मंत्री गौरव तथा हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर सिंह और मीनू बेनीवाल के प्रयासों से यह ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। इससे न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश में खेल संस्कृति को और मजबूती मिलेगी।

वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट रोहित पुंडीर ने बताया कि पालिसी में संशोधन किए जाने से नवंबर 2025 से लागू यह नीति हरियाणा स्टेट गेम्स के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करेगी। वहीं, हर साल दो बार आयोजित होने वाले स्टेट गेम्स से लगभग नौ हजार खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि पहले चरण के 2762 मेडल विजेता खिलाड़ियों को भी तत्काल फायदा मिलेगा।



हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट रोहित पुंडीर।

### खिलाड़ियों को 10 फीसदी कोटे का मिलेगा लाभ

एडवोकेट रोहित पुंडीर ने बताया कि खिलाड़ियों को अब ग्रुप डी नौकरियों में 10 प्रतिशत कोटे का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन इस नीति के पूरी तरह क्रियान्वयन के लिए सरकार के साथ पूर्ण सहयोग करेगा। हमारा विश्वास है कि यह कदम प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

## न्यूज डायरी



### शहीदी दिवस कार्यक्रम को लेकर लगाई ड्यूटी

रादौर। रादौर की कांबोज धर्मशाला में समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद उधम सिंह कांबोज के शहीदी दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं की डयूटियां लगाई गई। धर्मशाला प्रधान वेदप्रकाश कांबोज व हरियाणा कांबोज सभा के जिला मीडिया प्रभारी अमित कांबोज ने बताया कि हरियाणा कांबोज सभा की ओर से शिरोमणि शहीद उधम सिंह कांबोज का 86वां प्रदेश स्तरीय शहीदी दिवस कार्यक्रम 31 जुलाई को सुबह 10 बजे शहर की अनाजमंडी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के हजारों लोग भाग लेंगे। समारोह के दौरान शहीद उधम सिंह के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा तथा उनके देशप्रेम, साहस और राष्टÑभक्ति से प्रेरणा लेने का संदेश दिया जाएगा। हरियाणा काम्बोज सभा ने प्रदेश के सभी सामाजिक, धार्मिक एवं शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



### रादौर के दुकानदारों ने जलजीरे की लगाई छबील

रादौर। रादौर के दुकानदारों ने कस्बा के टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग पर छबील लगाकर राहगिरों को मीठा ठंडा जलजीरा पिलाकर पुण्य कमाया। इस दौरान छबील पर सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक श्रद्धालुओं ने राहगिरों व आसपास के राह चलते लोगों को मीठा ठंडा जलजीरा पिलाया। दुकानदार प्रमोद गर्ग, राजेश, सुभाष प्रजापत, हर्ष राणा, सुरेश फौजी, सचिन कांबोज व आदित्य कांबोज के नेतृत्व में अन्य दुकानदार सुबह के वक्त रादौर के टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग पर पहुंचे और मीठे ठंडे जलजीरे की छबील लगाई। इस दौरान दुकानदारों ने बताया कि पिछले करीब एक पखवाड़े से मौसम में भीषण गर्मी की तपिश बनी हुई है। वहीं, तापमान बढ़ने के साथ साथ मौसम में उमस बढ़ने से भी लोग हलकार हो चुके हैं। ऐसे में राहगिरों को राहत दिलाने के लिए श्रद्धालु आए दिन जगह जगह छबील लगाकर उनकी सेवा कर रहे हैं। इसी क्रम में रादौर के दुकानदारों ने टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग पर ठंडे जलजीरे की छबील लगाई। दुकानदार प्रमोद गर्ग , राजेश व हर्ष राणा आदि दुकानदारों ने बताया कि वह हर वर्ष छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगिरों को ठंडा मीठा जलजीरा व जल पिलाना मानवता की सच्ची सेवा है। दूसरों को भी इस प्रकार की सेवा से जुड़ना चाहिए। तभी हम मानवता की भरपूर सेवा कर सकते हैं।



### लोगों को हमेशा आगे बढ़ाते हैं अंबली : सैनी

रादौर। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने सोमवार को मार्केट कमेटी सरस्वती नगर के चेयरमैन जसविंदर सैनी अंबली को रादौर में सम्मानित किया। प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने उनको गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंदर सैनी अंबली हमेशा से ही समाज के लोगों को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। चेयरमैन बनने के बाद भी उनके स्वभाव में कोई कमी नहीं आई है। चेयरमैन जसविंदर सैनी ने बताया कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसान, व्यापारी व आमजन के हित में किए गए ऐतिहासिक कार्य ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। किसान सम्मान निधि, मंडी व्यवस्था में सुधार, सड़क-सिंचाई परियोजनाएं और पारदर्शी शासन ने जनता का विश्वास जीता है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में भी भाजपा पार्टी सरकार बनाने का काम करेगी। भाजपा पार्टी ने हर उस कार्यकर्ता को तव्वजो दी है, जिसने पार्टी को आगे बढ़ाने में मेहनत की है। इस अवसर पर जगन चौहान, राजेश सैनी, राजू गुप्ता, सुरेंद्र सैनी, नरेश सैनी, नितिन सैनी, अंकुश सैनी व राहुल रोहिला आदि मौजूद थे।



### क्षतिग्रस्त पड़ी गली से लोग हो रहे परेशान

रादौर। पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से रादौर के राज राजेश्वरी स्कूल के पास पीने के पानी की पाइपलाइन डालने के बाद ठेकेदार ने गली को आधी अधूरी रिपेयर करके छोड़ दिया। जिससे लोग परेशान हैं और उन्हें क्षतिग्रस्त गली के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से आधी अधूरी पड़ी गली को दुरुस्त करवाए जाने की मांग की। स्थानीय निवासी रोहित कुमार, योगेश, राजेश, सतीश व गुरनाम सिंह आदि ने बताया कि पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद गलियों की रिपेयर बीच में ही छोड दी है। जिस कारण दिनभर गलियों में धूल मिट्टी उड़ती रहती है। सड़क की खुदाई करके निकाली गई ईंटे भी यहां वहाँ बिखरी पड़ी हैं। जिससे आने जाने वालों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश आने पर यहां पूरी गली में कीचड़ जमा हो जाता है। जिससे बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले समय में बारिश का मौसम शुरू हो रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से जल्द से जल्द गलियों की रिपेयर करवाये जाने की मांग की।

### नशा पर अंकुश लगाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी : विश्राम कुमार मीणा

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नशा मुक्त भारत 2047 अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशे के लिए उपयोग में लाई जाने वाली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन -1933 संचालित किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे प्रतिदिन सक्रिय रहता है और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा दे रहा है। उन्होंने कहा कि नशे से संबंधित सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी की जानकारी हो, तो वे गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर तुरंत सूचित करें।

## गुरु हरगोबिंद साहिब के प्रकाश उत्सव पर निकाला महान नगर कीर्तन

# जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से गूंज उठी धर्मनगरी

**हजारों की संख्या में संगत ने भाग लेकर श्रद्धा व्यक्त की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धन-धन श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर शहर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह से ओतप्रोत भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में हजारों की संख्या में संगत ने भाग लेकर गुरु साहिब के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की। उमस भरी भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह पूरे मार्ग में देखने लायक रहा। नगर कीर्तन की शुरूआत गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन अगुवाई तथा पंच प्यारों की शोभायात्रा के साथ हुई। संगत /"जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल/" के गगनभेदी जयकारों के बीच गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए आगे बढ़ी। पूरे मार्ग को धार्मिक ध्वजों, स्वागत द्वारों और पुष्प सज्जा से आकर्षक रूप दिया गया था। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने जगह-जगह सेवा शिविर लगाए। श्रद्धालुओं को ठंडा मीठा जल, शरबत और अन्य जलपान प्रेमपूर्वक वितरित किया गया। भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए कई स्थानों पर संगत के ऊपर पानी की बौछारें भी की गईं, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिली। इस सेवा की संगत ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे मानवता और सेवा भावना का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। नगर कीर्तन में महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने पूरे अनुशासन और श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाई। पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और गुरु वाणी के कीर्तन से माहौल आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उमस भरी गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का जोश, सेवा भावना और गुरु साहिब के प्रति अटूट विश्वास पूरे नगर कीर्तन के दौरान देखने को मिला, जिसने प्रकाश उत्सव को यादगार बना दिया।


कुरुक्षेत्र। महान नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे।


कुरुक्षेत्र। संगत पर पानी की बौछार करते सेवादार।

### आज सजेगा भव्य कीर्तन दरबार

इस शुभ अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी सदस्य करनैल सिंह निम्नाबाद, कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर जत्थेदार बलदेव सिंह हाबड़ी, मैंबर हरमनप्रीत सिंह, मैंबर बीबी जसबीर कौर मसाना, मैंबर इंद्रजीत सिंह, मैंबर मोहनजीत सिंह पानीपत, रविन्द्र सिंह राणा, मैंबर गुरनाम सिंह लाडी डबरी, बीबी करतार कौर, भूपिंदर सिंह लाडी सौकड़ा सहित हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के एडिशनल सेक्रेटरी राजपाल सिंह दुनिया माजरा पीए, एडिशनल सेक्रेटरी नरेंद्र सिंह, एडिशनल सेक्रेटरी सतपाल सिंह डाचर,धर्म प्रचार विभाग के उप सचिव अमरिंदर सिंह, फ्लाइंग विभाग कर्मचारी जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, सहायक सुपरवाइजर रघुवीर और सुखजिंदर सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। मैंबर बीबी जसबीर कौर मसाना ने बताया कि प्रकाश उत्सव समागम में 30 जून को कीर्तन दरबार सजाया जाएगा, जिसमें श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब के हजूरी रागी भाई जोरा सिंह और भाई सिमरप्रीत सिंह संगत को शब्द कीर्तन से निहाल करेंगे। मैंबर हरमनप्रीत सिंह ने बताया कि कीर्तन दरबार में हरियाणा कमेटी के प्रसिद्ध कविशीरी भाई गुरमीत सिंह दनौली अपने साथियों सहित अपनी रचनाओं के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन इतिहास सांझा करेंगे। मैंबर इंद्रजीत सिंह के मुताबिक कीर्तन दरबार में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रचारक भाई रणजीत सिंह और भाई सिमरनजीत सिंह कथा विचार करते हुए धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के जीवन इतिहास के प्रसंग संगत से सांझा करेंगे। इससे पहले प्रकाश उत्सव समागम के छठे दिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की तीसरी लड़ी के मध्य भोग पाए गए। इस दौरान भी गुरु चरणों में अरदास की गई।

### संगत ने महान नगर कीर्तन का अभिनंदन कर की सेवा

श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्र छाया में सजाए गए महान नगर कीर्तन का शहर में कई स्थानों पर संगत ने अभिनंदन किया और पंज प्यारों को सिरोपा भेंट कर उनका सम्मान किया। यह महान नगर कीर्तन रेलवे रोड, कुटिया वाली गली, लाल सड़क, थानेसर बस स्टैंड, आंबेडकर चौक, सीकरी चौंक, शास्त्री मार्किट, खालसा बेकरी और बिड़ला मंदिर से होते हुए देर शाम गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में सपन्न हुआ, जहां संगत रंग बिरंगी आतिशबाजी और पटाखों के साथ नगर कीर्तन का अभिनंदन किया। महान नगर कीर्तन के दौरान अनेक स्थानों पर शहर की संगत अलग अलग पकवानों और शीतल पेय पदार्थों के स्टाल लगा कर साथ चल रही संगत की सेवा की। उधर संत महापुरुष बाबा अमरीक सिंह जी कार सेवा वालों की ओर से गुरुद्वारा साहिब में तरह-तरह के पकवानों का स्टाल लगाकर सेवा की गई।

# ग्रामीण चौकीदार 5 को सीएम कैंप कार्यालय पर डालेंगे पड़ाव

▶▶ सरकार की वादाखिलाफी से रोष
▶▶ मांगों पर कार्रवाई न होने का आरोप


कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते सभा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। संगठन ने घोषणा की है कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो 5 जुलाई 2026 को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय पर प्रदेशभर के ग्रामीण चौकीदारों का विशाल 'पड़ाव' आयोजित किया जाएगा। प्रदेश प्रधान मदन कलरा और महासचिव कलीराम ने संयुक्त बयान में कहा कि चौकीदार लंबे समय से सरकार को मांग पत्र भेज रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के बाद से मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई, जबकि महंगाई लगातार बढ़ी है। वर्ष 2025 से प्रस्तावित 2031 रुपये मासिक बढ़ोतरी की फाइल भी अब तक लंबित है। दूसरी ओर सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से न्यूनतम वेतन में 35 प्रतिशत की वृद्धि लागू कर दी है। महासचिव कलीराम और सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलने के कारण ग्रामीण चौकीदारों को 24 घंटे उपलब्ध रहना पड़ता है। कई मामलों में उन पर गवाह बनने का दबाव भी बनाया जाता है, जिससे मानसिक और सामाजिक शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि 15-16 जून को जिला स्तर पर प्रदर्शन, 18 जून को पानीपत में राज्य स्तरीय सम्मेलन और 21 जून को मतलोडा में पंचायत मंत्री के कैंप कार्यालय पर ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। सभा की प्रमुख मांगों में चौकीदारों को नियमित कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम 30,000 मासिक मानदेय, सेवानिवृत्ति राशि 10 लाख, ईएसआई व ईपीएफ सुविधा, प्रत्येक माह की 7 तारीख तक मानदेय भुगतान, साइकिल भत्ता 10,000, ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर उचित मुआवजा, आश्रित को सरकारी नौकरी तथा रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती शामिल हैं। सभा ने चेतावनी दी कि यदि 5 जुलाई के 'पड़ाव' से पहले सरकार ने प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर सम्मानजनक समाधान नहीं निकाला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# युवाओं को नशा मुक्ति का दिया संदेश

**संत कबीर जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संत कबीर जयंती के पावन अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 593 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मानव मित्र मंडल के प्रधान भारतेंदु हरीश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि शिविर की अध्यक्षता स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने की। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। मुख्य अतिथि भारतेन्दु हरीश ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और यह सबसे बड़ा मानवीय एवं पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि नियमित रक्तदान व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं को नशामुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि आज का युवा नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। उन्होंने कहा, की युवाओं को नशे की सुई से दूर रहना चाहिए। नशे की सुई लगाने के बजाय रक्तदान की सुई लगाकर किसी जरूरतमंद का जीवन बचाइए। उन्होंने आगे कहा कि 30 जून को पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में प्रातः 9 बजे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है, कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर पुण्य अर्जित कर सकता है। इस अवसर पर उत्कृष्ट सामाजिक सेवा और नियमित रक्तदान के लिए कवलजीत को 'स्टार रक्तदाता' की उपाधि देकर सम्मानित किया गया।





### संत कबीर सनातन संस्कृति की शाश्वत चिंतन धारा की अमूल्य निधि : डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र

**थानेसर।** संत कबीर दास का संपूर्ण जीवन दर्शन मानवता, समता, और एकेश्वरवाद पर आधारित था। उन्होंने जाति पाति, छुआछूत, और धार्मिक पाखंडों का पुरजोर विरोध किया। संत कबीर के अनुसार, ईश्वर एक है और सभी मनुष्य समान हैं। सच्चा ज्ञान व सदाचार ही मनुष्य की पहचान है। संत कबीर सनातन संस्कृति की शाश्वत चिंतन धारा की अमूल्य निधि है। संत कबीर दास की जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित भक्ति संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा संत कबीर दास के चित्र के समक्ष भजन प्रस्तुति से हुआ।

# जानलेवा हमला करने का तीसरा आरोपी दबोचा

**जमीन विवाद बनी वजह, वारदात में इस्तेमाल डंडा भी बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जमीन विवाद को लेकर खेत में हुए जानलेवा हमले के मामले में इस्माईलाबाद थाना पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में पहले गिरफ्तार किए जा चुके आरोपियों से गंडासी, लाठी और ट्रैक्टर भी बरामद किए जा चुके हैं तथा शेष आरोपियों की तलाश और जांच लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के संबंध में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 जून 2026 को गांव तंगोरी निवासी सर्वजीत सिंह की शिकायत पर थाना इस्माईलाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, खेत में जमीन के विवाद को लेकर आरोपियों ने गंडासियों और डंडों से उस पर तथा उसके पिता गुरभजन सिंह पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान एक्स-रे रिपोर्ट में दोनों के फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बाद मामले में संबंधित धाराएं भी जोड़ दी गईं। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही आरोपी जगजीत सिंह और कश्मीर सिंह को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त गंडासी, लाठी तथा ट्रैक्टर बरामद कर लिया था। इसी क्रम में 28 जून 2026 को पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी दिलप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी तंगोरी को भी गिरफ्तार कर लिया।




### सभी पहलुओं की गहनता से जांच जारी

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद कराया। साथ ही उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल की पहचान भी करवाई। बरामद डंडे को नियमानुसार कब्जे में लेकर केस प्रॉपर्टी में शामिल कर लिया गया है।पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की है। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका और घटनाक्रम के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पैरा राइफल शूटर रीना रानी को आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- सांसद नवीन जिन्दल ने खेल प्रतिभा को देखते हुए दिया सम्मान

सांसद नवीन जिन्दल ने पैरा राइफल शूटर रीना रानी की खेल प्रतिभा और संघर्ष को सम्मान देते हुए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा कर दी गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने रीना रानी के जज्बे, मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए रीना को एक वर्ष तक 25,000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता देने की मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत पहले दो महीनों के लिए 50,000 रुपए की राशि का चेक सांसद नवीन जिन्दल की ओर से डॉ. गणेश दत्त ने रीना रानी को सौंपा। इस अवसर पर शिव गुप्ता, विनोद शर्मा सोहन लाल सरपंच, लाडवा हल्का प्रभारी सलिंद्र कुमार और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर रीना रानी ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का स्रोत बनेगी तथा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।





### श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला के नेतृत्व में समाज सेवा कार्य दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया के तत्वावधान में सोमवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला के नेतृत्व में समाज सेवा कार्य दिवस आयोजित किया गया। प्रधान विशाल सिंगला ने कहा कि उनके जीवन का अहम दिन है जिसे सामाजिक सेवा, धार्मिक आस्था एवं जनसेवा को समर्पित करते हुए मना रहे हैं। इस अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्यों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन रसोई के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों, यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इसी अवसर पर प्रधान विशाल सिंगला की लम्बी आयु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए साधु मंदिर स्थित मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ की गई।

# विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए बूथ स्तर पर लोगों की समस्याओं का कर रहे समाधान : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में विशेष पुनरीक्षण का कार्य पूरी तेजी के साथ किया जा रहा है। इस कार्य के लिए जहां हर बूथ पर बीएलओ बेहतरीन कार्य कर रहे है और एसआईआर के फार्म वितरित करने भरने और डिजिटाइजेशन करने के कार्य को पूरा कर रहे है। इसके साथ ही विभिन्न राजनेतिक दलों के बीएलए 1 और 2 भी बूथ स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे है। इन तमाम पहलुओं के बावजूद भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लघु सचिवालय के साथ-साथ सब डिविजन स्तर पर भी एसआईआर फार्म से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करने के लिए हैल्प डैस्क स्थापित किए गए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि जिले में अब तक 24.95 प्रतिशत एम्यूरेशन फार्मों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा विधानसभा में 98.65 प्रतिशत एम्यूरेशन फार्मों का वितरण किया जा चुका है। इस विधानसभा में 30.58 प्रतिशत फार्मो का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है।

# सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड.र्जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति द्वारा एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गो, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किए जाएं, जिनकी उत्कृष्टता और वास्तव में सम्मान की हकदार है। उन्होंने बताया कि कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही 2300 रुपये प्रतिमाह की सहायता

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में निराश्रित बच्चों के लिए 2300 रुपये महीना की सहायता प्रदान की जा रही है। पात्र बच्चे योजना का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का जो बच्चा माता-पिता की मृत्यु या पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता की लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण सहायता अथवा देखभाल से वंचित है, वे 2300 रुपये महीना की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते है।

## संस्कृत भारती के आवासीय प्रबोधन वर्ग का भव्य समापन

# संस्कृत को जनभाषा बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संस्कृत भारती, हरियाणा (न्यास) द्वारा आयोजित आवासीय प्रबोधन वर्ग का भव्य समापन समारोह गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद /"मम देशो भारतम्, मम भाषा संस्कृतम्/" के उद्घोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। प्रांत संगठन मंत्री देवांश कृष्ण ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया, जबकि प्रांत मंत्री प्रमोद शास्त्री ने प्रबोधन वर्ग की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। वर्ग के शिक्षार्थियों ने संस्कृत में गीत, संवाद, नाटक, समूहगान, सुभाषित एवं वातार्लाप प्रस्तुत कर अपनी भाषा दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसे जनभाषा बनाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए।




### दैनिक जीवन में संस्कृत के प्रयोग का आह्वान

विधानसभा में संस्कृत में शपथ लेने पर संस्कृत भारती ने उनका विशेष सम्मान भी किया। मुख्य वक्ता उत्तरक्षेत्र संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार ने बताया कि संस्कृत भारती अपनी अभिनव शिक्षण पद्धति से अब तक एक करोड़ लोगों को संस्कृत सिखा चुकी है तथा 30 देशों में संगठन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी शिक्षार्थियों से दैनिक जीवन में संस्कृत का अधिकाधिक प्रयोग करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने संस्कृत भारती के प्रयासों की सराहना करते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृतभारती, हरियाणा के न्यासाध्यक्ष डॉ. रामनिवास शर्मा ने की। उन्होंने संगठन की आगामी योजनाओं और संस्कृत के वैश्विक विस्तार की रूपरेखा प्रस्तुत की। वर्गाधिकारी सुभाषचंद्र शास्त्री के कुशल निर्देशन में आयोजित इस आवासीय वर्ग का सफल संचालन हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत भारती के प्रांत स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं तथा बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा कल्याण मंत्र के साथ समारोह का विधिवत समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई

**नारायणगढ़।** अर्बन एरिया में रविवार को 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' के अंतर्गत बूथ दिवस तथा सोमवार को हाउस टू हाउस पोलियो अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के पोलियो बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को पोलियो जैसी गंभीर एवं स्थायी अपंगता से सुरक्षित रखना है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 ने कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में संलिप्त पांचवें आरोपी को सोनीपत से काबू किया है। सीआईए-2 प्रभारी उप निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रणधीर सिंह ने 22 जून 2026 को थाना पड़ाव में शिकायत दी थी कि एनडीआई प्लाजा अंबाला छावनी के पास आरोपी विकास व अन्य ने गाड़ी रोककर गाड़ी के शीशे तोड़ने व जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ पुलिस ने बैटरा, डीवीआर व नकदी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी को काबू किया है। सीआईए-नारायणगढ़ उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता बलबीर सिंह ने 31 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 21/22 मई 2026 को आरोपी ने गांव बड़ी बस्सी स्थित मंदिर का ताला तोड़कर बैटरी, डीवीआर व नकद राशि चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### ट्यूबवेल से तार चोरी का आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना मुलाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए ट्यूबवेल से तार चोरी करने के मामले में संलिप्त आरोपी को गांव हेमामाजरा से काबू किया। मुख्य सिपाही सुरेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता मनदीप सिंह ने 28 जून 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी गुरप्रीत सिंह ने उसके ट्यूबवेल से 25 मीटर केबल तार चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया हैं।

### जल अधिकारों पर समझौता स्वीकार नहीं

**अंबाला।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि हरियाणा के वैधानिक जल अधिकार किसी सरकार की राजनैतिक सौदेबाजी का विषय नहीं हो सकते। प्रदेश के किसानों, उद्योगों, पेयजल व्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़े संवेदनशील विषय पर किसी भी प्रकार का निर्णय पूर्ण पारदर्शिता, संवैधानिक दायित्व और प्रदेश के हितों को सर्वोपरि रखते लिया जाना चाहिए। कहा कि हरियाणा और राजस्थान के बीच हाल ही में जल संबंधी समझौते ने प्रदेशवासियों के मन में गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

## एक जुलाई तक सभी स्कूलों का सुरक्षा ऑडिट करेंगे क्लस्टर मुखिया

# शिक्षा विभाग का फरमान, असुरक्षित भवनों में बिल्कुल नहीं बैठेंगे नौनिहाल

*प्रत्येक विद्यालय में भवनों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला







**अंबाला।** जर्जर कमरों व पानी की टंकियों की जांच करते शिक्षा अधिकारी।

शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी क्लस्टर मुखिया को नए निर्देश जारी किए गए हैं।आदेशों में कहा कि कि वे 1 जुलाई तक अपने-अपने क्लस्टर के प्रत्येक सरकारी विद्यालय का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर छात्र सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। निर्देश जारी करने के साथ साथ डीईओ सुधीर कालड़ा द्वारा इस कार्य के लिए बाकायदा सभी क्लस्टर मुखियों की एक ऑनलाइन बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें उप जिला शिक्षा अधिकारी मोनिका एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारी भी शामिल रहे। यह कार्रवाई हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया के निर्देशों की अनुपालना में की जा रही है। डीईओ ने स्पष्ट किया कि किसी भी विद्यार्थी को किसी भी परिस्थिति में असुरक्षित भवन, कक्षा, बरामदें, शौचालय अथवा अन्य जर्जर संरचना का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में भवनों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश

उन्होंने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पहले से असुरक्षित घोषित भवनों को जुलाई माह के दौरान ध्वस्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिन भवनों के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं लेकिन अभी तक उन्हें असुरक्षित घोषित नहीं किया गया है, उनके मामलों में डीपीसी कार्यालय एवं पीडब्ल्यूडी के समन्वय से अगस्त माह तक आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। जिन भवनों की स्थिति असुरक्षित प्रतीत होती है और जिनके प्रस्ताव अभी तक नहीं भेजे गए हैं, उनके प्रस्ताव तत्काल सक्षम प्राधिकारी को भेजने के साथ डीपीसी कार्यालय को भी सूचित किया जाएगा। स्कूल खुलने से पहले होगी सफाई डीईओ ने निर्देश दिए कि विद्यालय खुलने से पूर्व सभी कक्षाओं, शौचालयों तथा पेयजल टंकियों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक विद्यालय में पेयजल टंकियों की सफाई का अलग रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें प्रत्येक सफाई की तिथि एवं विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा। सभी विद्यालयाध्यक्षों से डिजिटल बोर्ड, छात्र एवं शिक्षक टैब, आईसीटी लैब, प्रोजेक्टर तथा अन्य आईसीटी उपकरणों की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट में प्राप्त उपकरणों की कुल संख्या, कार्यशील एवं खराब उपकरणों की संख्या तथा खराब होने के कारण स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएंगे।

### रिपोर्ट देनी होगी

डीईओ सुधीर कालड़ा ने कहा कि सभी क्लस्टर हेड्स भौतिक सत्यापन के उपरांत निर्धारित प्रारूप में अनुपालन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से जिला शिक्षा कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने दोहराया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इन निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।



**अंबाला।** अधिकारी को ज्ञापन सौंपते निगम सदस्य गुंजीत कौर व अन्य।

# मतदाता सूची की अव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर जताई चिंता

## उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वार्ड नंबर 8 की सदस्य गुंजीत कौर ने उपायुक्त को प्रार्थना-पत्र सौंपकर वार्ड के मतदान बूथों एवं मतदाता सूची की अव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने मांग की है कि वार्ड के सभी मतदान बूथों और मतदाता सूचियों की दोबारा समीक्षा कर क्षेत्रवार पुनर्गठन किया जाए, ताकि मतदाताओं को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। गुंजीत कौर ने बताया कि वार्ड नंबर 8 में कुल 11 मतदान बूथ हैं लेकिन मतदाताओं का विभाजन व्यवस्थित तरीके से नहीं किया गया है। कई स्थानों पर एक ही गली के कुछ मकान एक बूथ में दर्ज हैं जबकि उसी गली के अन्य मकानों के मतदाता दूसरे बूथ में शामिल कर दिए गए हैं। कहीं कुछ मतदाताओं के बाद अन्य गलियों के वोटरों को जोड़ दिया गया है, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह असंगठित दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के कारण मतदाताओं, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), चुनाव कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को मतदाताओं की पहचान, सत्यापन और चुनाव संबंधी कार्यों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### भौगोलिक रूप से अलग

कई परिवारों के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान बूथों में दर्ज होने से मतदान के दिन भी भ्रम और असुविधा की स्थिति उत्पन्न होती है। प्रार्थना-पत्र में उन्होंने बताया कि एक मतदान बूथ में मलिक पैलेस क्षेत्र के मतदाताओं के साथ सोहनलाल स्कूल के आसपास रहने वाले मतदाताओं के नाम भी दर्ज कर दिए गए हैं, जबकि दोनों क्षेत्र भौगोलिक रूप से अलग हैं। इसी प्रकार दरजी वाला चौक क्षेत्र के मतदाताओं को भी अन्य दूरस्थ क्षेत्रों के साथ जोड़ दिया गया है, जिससे मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र की जानकारी प्राप्त करने में परेशानी होती है।

# उत्तराखंड के पुलिस थानों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला पकड़ा

- देहरादून पुलिस ने की कार्रवाई, निहंगों के साथ मारपीट होने से नाराज था युवक, आवेश में आकर दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उत्तराखंड के सभी पुलिस थानों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले 26 वर्षीय जसप्रीत सिंह को देहरादून पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर धमकी भरी पोस्ट शेयर की थी, जिसमें 25 जून 2026 को उत्तराखंड के सभी थानों में धमाके करने की चुनौती दी गई थी। पोस्ट वायरल होने के बाद देहरादून पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि कर्णप्रयाग में निहंगों पर हुई पुलिस कार्रवाई से नाराज होकर उसने आवेश में यह पोस्ट की थी। जून के तीसरे हफ्ते में जसप्रीत.डेविल नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से उत्तराखंड पुलिस को खुली चुनौती देते हुए पोस्ट शेयर की गई। इसमें लिखा गया कि 25 जून को उत्तराखंड के सभी पुलिस थानों में धमाके होंगे। इसके बाद यह पोस्ट 'एक्स' पर यूके न्यूज पेज और फेसबुक पर इंडिया इनसाइडर अपडेट नामक पेजों पर भी शेयर की गई।

### फोरेंसिक जांच के लिए भेजा

पुलिस की तकनीकी टीम ने सोशल मीडिया अकाउंट, डिजिटल फुटप्रिंट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया। जांच में आरोपी की पहचान यहां के रहने वाले जसप्रीत सिंह के रूप में हुई। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी के घर पर दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। परिजनों को उसे पेश करने के निर्देश दिए गए। इस बीच जसप्रीत को केस दर्ज होने की जानकारी मिली तो वह कानूनी सलाह लेने के लिए देहरादून आ रहा था। पुलिस को इसकी सूचना मिली और 28 जून को सहारनपुर रोड पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वह मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया, जिससे धमकी भरी पोस्ट की गई थी। मोबाइल को डिजिटल और फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पूछताछ में जसप्रीत सिंह ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर कर्णप्रयाग में स्थानीय युवकों और निहंग सिखों के बीच हुए विवाद तथा उसके बाद निहंगों पर हुई पुलिस कार्रवाई के वीडियो देखे थे।

# लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति समझ विकसित करें शिक्षक

## सनशाइन पब्लिक स्कूल में लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यक्रम का आयोजन

- शिक्षकों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को शिक्षण कार्य में अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



**मुलाना।** कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

सनशाइन पब्लिक स्कूल, बिंजलपुर में /"विद्यालयों में लैंगिक संवेदनशीलता/" विषय पर सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति समझ विकसित करना तथा विद्यालयों में समावेशी, सुरक्षित एवं सम्मानजनक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना था। इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन डॉ. ऋतु बंसल एवं सेजल बोरियम ने किया। उन्होंने संवादात्मक चर्चाओं, व्यावहारिक गतिविधियों तथा वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से लैंगिक समानता, सहानुभूति एवं समावेशी कक्षा-शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रबंधक निदेशक सौरभ चौहान , निदेशक केपी सिंह व प्रधानाचार्य रजनी खरबंदा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने सीबीएसई की इस पहल की सराहना करते हुए शिक्षकों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने शिक्षण कार्य में अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे विद्यालय में सकारात्मक एवं समानतापूर्ण वातावरण का निर्माण हो सके।

### आभार व्यक्त किया

प्रशिक्षण सत्र में सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, अपने अनुभव साझा किए तथा शिक्षा में लैंगिक संवेदनशीलता को प्रभावी ढंग से लागू करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक, सहभागितापूर्ण एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें संसाधन व्यक्तियों, विद्यालय प्रबंधन तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति सफल आयोजन हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# 'अपनी सेहत का भी ख्याल रखें सभी शिक्षक'

- मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा विषय पर शिक्षकों के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेने वाले टीचर्स।

शैमफोर्ड विद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा विषय पर शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शैमफोर्ड एवं शैमरॉक विद्यालय के साथ-साथ सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना, विद्यार्थियों के भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक विकास को बेहतर ढंग से समझाना तथा विद्यालयों में सकारात्मक, सुरक्षित और सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण विकसित करना था। कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षक शैमफोर्ड विद्यालय की प्रधानाचार्या रुबी शर्मा रहीं। कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य शैक्षणिक विकास जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि शिक्षक समय रहते विद्यार्थियों में तनाव, चिंता, भावनात्मक असंतुलन तथा व्यवहार में आने वाले परिवर्तनों की पहचान कर उचित मार्गदर्शन दें, तो अनेक समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर ही समाधान किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों, समूह परिचर्चा, अध्ययन-प्रकरण तथा व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

### अनुभव साझा किए

शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने, तनाव प्रबंधन अपनाने तथा कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी करते अपने अनुभव साझा किए और विद्यालयों में मानसिक रूप से सुरक्षित, समावेशी एवं प्रेरणादायक वातावरण तैयार करने के प्रभावी उपायों पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक बताया।

# सीएम नायब सैनी करेंगे 100 बैड के नागरिक अस्पताल भवन का लोकार्पण

- पूर्व विधायक बोले-अत्याधुनिक अस्पताल से क्षेत्रवासियों को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल ने बताया कि 1 जुलाई को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी नागरिक अस्पताल के नव-निर्मित 100 बैड के अत्याधुनिक भवन का लोकार्पण करेंगे। अस्पताल 50 को बढ़ाकर 100 बैड की क्षमता वाला बनाया है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस आधुनिक अस्पताल भवन में मरीजों की सुविधा के लिए सेंट्रली एयर कंडीशनिंग, डायलिसिस वार्ड, चार आधुनिक लिफ्ट, सोलर पावर प्लांट सहित अनेक अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नए भवन के शुरू होने से क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डॉ. पवन सैनी एवं राकेश बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें



उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए यह नया अस्पताल भवन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी तथा क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे 1 जुलाई को आयोजित लोकार्पण समारोह में बढ़ चढ़ कर भाग ले ओर और इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें।

### क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर निकाले 1.15 लाख, पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** पीएनबी का क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर साइबर ठग ने उत्तर प्रदेश के गनौली गांव के कृष्ण कुमार के खाते से 1.15 लाख रुपये निकाल लिए। ठग ने व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर फोन हैक कर लिया और खाते से पैसे निकाल लिए। पीड़ित ने बताया कि वह अंबाला पुलिस लाइन में अपने दामाद के घर आए थे। तब यह वारदात हुई। नोडल साइबर थाना पंचकूला से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर ली। पुलिस को दी शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि वह 23 जून को अंबाला शहर पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर नंबर 171 सी में रहने वाली अपनी बेटी अवनी और दामाद सुंदरम शुक्ला से मिलने आए थे। इसी बीच उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को पीएनबी बैंक का कर्मचारी बताया और पुराना अच्छा ग्राहक होने के नाते मुफ्त क्रेडिट कार्ड देने का ऑफर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## गुदगुदी जंक्शन के साहित्यिक मंच अक्षरम द्वारा काव्य कलश आयोजित

# साज ओ सामान भी ये दिल नहीं बहलाएंगे....

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** साहित्यक सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले कवि व मौजूद श्रोता।

सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह के साहित्यिक मंच /"अक्षरम/" द्वारा फारूखा खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में साहित्यिक सम्मेलन /"काव्य कलश/" का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी इंद्र परुथी ने बताया कि शिक्षाविद् /"सरदार आज्ञापाल सिंह की स्मृति में 18 कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। संरक्षक प्रो.सतीश चंद्र पाराशर की सरपरस्ती और दिग्दर्शक ओम बनमाली के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि रोटेरियन डॉ.विनय मल्होत्रा एवं विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल केपी सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने की। अक्षरम् मंच प्रभारी जगमाल सिंह राणा ने समूह पदाधिकारी सुरेंद्र धीमान,इंद्र परुथी व असीम अग्रवाल के साथ संजय कपूर,डॉ.अनुपमा आर्य,डॉ.गुलशन राय शर्मा और सतपाल ग्रोवर भी मौजूद रहे।

### मैं तो व्यर्थ में हूं बदनाम

- ओम बनमाली ने /"मैं तो व्यर्थ में हूं बदनाम,आज के नेता तो सुबह-शाम मुझसे ज़्यादा तेजी से कर रहे हैं रंग बदलने का काम/"...
- डॉ. अनुपमा आर्य ने /"एक दिमाग वाला दिल रख मां, यह दिल वाला दिल सिर्फ तकलीफ देता है/"...,
- जगमाल सिंह राणा ने /"जल्द इतनी न फल पके होंगे, पेड़ ने सब सितम सहे होंगे/"...
- रविंद्र शर्मा रवि ने /"झटके हैं अपनी आस्तीं से दो-चार अभी, अब इतने साँप तो पाले भी नहीं जा सकते/"...,
- अंजलि सिफ़र ने /"साज ओ सामान भी ये दिल नहीं बहलाएंगे,दोस्त अहबाब भी तो साथ नहीं जाएंगे/"...और
- मनीषा नारायण मन ने /"न जीवन न जीवन की धारा है देखो,हमारा है क्या सब तुम्हारा है देखो/"...आदि रचनाएं सुनाकर श्रोताओं की खूब वाह वाही लूटी। इसके अलावा हास्य कवि अनवर अंसारी,यमुनानगर से मदन शेखपुरी व वर्षा रानी,लाभ भारद्वाज,अरुण थापर, दिव्या कोचर,रोहित मिश्रा,पंकज शर्मा,सुरेश लखनपाल और नेहा डोबरियाल की रचनाएं भी काफी सराही गई। मंच का संचालन प्रसिद्ध कवयित्री अंजलि सिफ़र ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया। कार्यक्रम में कई सामाजिक,सांस्कृतिक,व्यापारिक,शैक्षणिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।